# सीमा सुरक्षा बल

ब्लॉक नं.–10, सी.जी.ओ.कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड,
नई दिल्ली–110003

**संदर्भ संख्या : 40 / 2017**

14 सितंबर, 2017

## सीमा सुरक्षा बल ने मनाया 'हिन्दी दिवस'

नई दिल्ली, 14 सितंबर 2017, सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय, ब्लॉक 10, लोधी रोड, नई दिल्ली में **'हिन्दी दिवस समारोह'** का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में **सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री कृष्ण कुमार शर्मा, भा.पु.सेवा,** अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी भारी संख्या में मौजूद थे।

ज्ञात हो कि सीमा सुरक्षा बल भारतीय अंर्तराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से गठित विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है, जिसका प्राथमिक दायित्व पाक और बंगलादेश से लगतीं भारतीय अंर्तराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा और **'सीमा वासियों के दिलों में विश्वास की भावना'** पैदा करना है। इतिहास गवाह है, समय साक्षी है कि 1965 से लेकर आज तक यह बल अपनी हर चुनौतियों पर खरा उतरा है। भारत के भिन्न–भिन्न राज्यों के भिन्न–भिन्न भाषा–भाषी और विविध संस्कृतियों के जवानों व अधिकारियों का मिला–जुला संगम है – **सीमा सुरक्षा बल**। इन विविधताओं के बावजूद इस बल की एकता बेमिसाल है तथा बल के सारे कार्मिक अपने सहकर्मियों के साथ हृदय की गहराईयों से जुड़े रहते हैं। इनके आपस के इस गहरे जुड़ाव की बड़ी वजह है – **बल में हिन्दी का अत्यधिक प्रचलन।** वास्तव में हिन्दी बल की संपर्क सूत्र है, संपर्क भाषा है एवम् हिन्दी ही है वह सशक्त माध्यम, जिसके द्वारा बल के अधिकतर कार्य संपादित होते हैं।

कहना लाजिमी होगा कि अपनी अन्य भूमिकाओं के इतर हिन्दी के प्रचार प्रसार में सीमा सुरक्षा बल का योगदान अप्रतिम रहा है। **हिन्दी के प्रचार प्रसार में इसकी भूमिका महज कागजों तक सीमित न होकर वास्तविकता के धरातल पर आधारित है।** तभी तो एक दक्षिण भारतीय / बंगाली / पूर्वोत्तर या किसी और गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र का वह युवा, जो बल का सदस्य बनने से पहले हिन्दी का क, ख, ग तक नहीं जानता; अपने प्रशिक्षण के मात्र तीन चार महीनों में ही हिन्दी जानने समझने लगता है और 2–3 सालों की नौकरी होते होते वो ऐसी हिन्दी बोलने लगता है, जैसे वो किसी हिन्दी क्षेत्र का वासी हो।

इतना ही नहीं, सीमा सुरक्षा बल द्वारा अपने कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये बल द्वारा समय–समय पर कार्यशालाओं / संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है और न केवल हिन्दी दिवस पर, अपितु बल अक्सर ही हिंदी की अलग–अलग प्रतियोगिताओं – जैसे – नोटिंग / ड्राफ्टिंग, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद प्रतियोगिता, अनुवाद इत्यादि विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है और विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें हिन्दी में कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करता है।

अपनी इसी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी बल में **'हिन्दी पखवाड़े'** का आयोजन किया गया और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय में आयोजित आज का समारोह महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल द्वारा किये गये दीप प्रज्ज्वलन और केन्द्रीय विद्यालय, छावला, नई दिल्ली के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुआ। श्री अशोक कुमार, उप महानिरीक्षक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद महानिदेशक महोदय द्वारा हिन्दी में कार्य करने की **'अपील'** जारी की गई।

**वर्ष 2016–17 के दौरान हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने के लिये निदेशालयों में कार्मिक निदेशालय प्रथम, प्रशिक्षण केंद्रों में सी.एस.डब्ल्यु.टी. इंदौर प्रथम तथा सीमांतों में मेघालय सीमांत प्रथम, जम्मू सीमांत द्वितीय और गुजरात सीमांत तृतीय स्थान पर रहा। इन्हें महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल द्वारा 'राजभाषा शील्ड' प्रदान की गई।**

विजेताओं को पुरस्कृत करने के पश्चात महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल ने अपने संबोधन में हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि हिंदी में वो सभी गुण हैं जिसे अपनाकर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक छायांकन के साथ हुआ।

अन्य प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे –

- हिंदी नोटिंग / ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता – (हिंदी भाषियों के लिये)
  1. निरीक्षक/अनु. – ओमपाल सिंह यादव – प्रथम
  2. स.उप निरीक्षक/ अनु. – अमरेश कुमार – द्वितीय
  3. स.उप निरीक्षक/ अनु. – रामनरेश सिंह – तृतीय

- हिंदी नोटिंग / ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता – (अन्य भाषा–भाषियों के लिये)–
  1. मुख्य आरक्षक – संतोष सेबास्टियन – प्रथम
  2. स.उप निरीक्षक/अनु. – बाबुल शर्मा – द्वितीय
  3. उ.नि/अनु. – अनिल कुमार के – तृतीय

- हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता – (हिंदी भाषियों के लिये)–
  1. उ.नि./ आशु. – शिवपूजन कुमार – प्रथम
  2. निरीक्षक/ आशु. – सुनील कुमार – द्वितीय
  3. उ.नि./ अनु. – भगवान सहायक गुर्जर – तृतीय

- हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता – (अन्य भाषा–भाषियों के लिये)–
  1. निरीक्षक/ अनु. – एम. सम्पत कुमार – प्रथम

- हिंदी निबंध प्रतियोगिता – (हिंदी भाषियों के लिये)–
  1. स.उ.नि./ अ.अ.म. – अमरेन्द्र प्रताप सिंह – प्रथम
  2. मु. आ./ अनु. – ब्रह्म प्रकाश – द्वितीय
  3. स.उ.नि./ अनु. – प्रमोद सिंह – तृतीय

- हिंदी निबंध प्रतियोगिता – (अन्य भाषा – भाषियों के लिये)–
  1. उ.नि./ अनु. – एस. मुस्ताख बाशा – प्रथम
  2. मु. आ. – राजीवन ओ.पी. – द्वितीय
  3. मु. आ./ लोहार – एस. शाजहान – तृतीय

- हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता – (सभी के लिये) –
  1. निरीक्षक/अनु. – कृष्ण लाल – प्रथम
  2. उप नि./ आशु. – पवन कुमार शर्मा – द्वितीय
  3. उप नि./अनु. – कमल सिंह नेगी – तृतीय

**शुभेन्दु भारद्वाज**
**जन सम्पर्क अधिकारी**

Also visit us in http://www.bsf.nic.in/

| | | |
|---|---|---|
| **Like us on Facebook** | : | **OfficialPageBSF** |
| **Follow us on Twitter** | : | **BSF_India** |
| **on Instagram** | : | **bsf_india** |
| **on youtube** | : | **BSF India** |










